पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>प्रो0 पृथ्वीश नाग को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय का अतिरिक्त प्रभार</u>

लखनऊः 15 फरवरी, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय श्री राम नाईक द्वारा प्रो0 पृथ्वीश नाग, कुलपति, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ कुलपति दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर प्रो0 पृथ्वीश नाग की नियुक्ति तीन माह की अवधि अथवा नियमित कुलपति के नियुक्ति अथवा अग्रिम आदेशों तक, जो भी पहले हो, की अवधि के लिए की गयी है।

ज्ञातव्य है कि प्रो0 अशोक कुमार, कुलपति, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर का कार्यकाल 12 फरवरी, 2017 को समाप्त हो गया था। नये कुलपति की नियुक्ति में कुछ समय लगने की संभावना के दृष्टिगत राज्यपाल/कुलाधिपति द्वारा प्रो0 पृथ्वीश नाग को कुलपति पद का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है।

अंजुम/ललित/राजभवन (55/12)